आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 02.03.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचारः—**

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 7 मार्च को हरिद्वार दौरे पर रहेंगे।
- प्रदेश में समाज कल्याण विभाग के 9 लाख 57 हजार से अधिक पेंशनर्स को फरवरी माह की पेंशन हस्तांतरित की गई।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्र सरकार से प्रदेश में घेरबाड़ योजना के लिए 90 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त करने का अनुरोध किया
- लोक भवन देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय वसंतोत्सव 2026 सम्पन्न।

**केंद्रीय गृहमंत्री का दौरा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 7 मार्च को हरिद्वार दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वो कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकापर्ण करने के साथ ही सभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर केंद्रीय गृह मंत्री के प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध ढंग से पूरी कर ली जाएं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए हैं।

**समाज कल्याण पेंशन**

समाज कल्याण विभाग के 9 लाख, 57 हजार 651 पेंशनर्स को फरवरी माह की पेंशन उनके खाते में उपलब्ध करा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल वन—क्लिक के माध्यम से 141 करोड़ 91 लाख रुपए से अधिक की धनराशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया।

**समाज कल्याण विभाग वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन के रूप में प्रत्येक लाभार्थी को प्रति माह एक हजार 500 रुपए का भुगतान करता है। किसान पेंशन, परित्यक्ता पेंशन और तीलू रौतेली पेंशन के रूप में प्रतिमाह प्रति लाभार्थी को एक हजार 200 रुपए का भुगतान किया जाता है।**

**मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेंशन प्रकरणों का निस्तारण पूर्ण तत्परता और समयबद्धता के साथ किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पेंशन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक योग्य लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान संचालित किया जाए।**
**आका�ावाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से अमित सुंद्रियाल**

**पहल**

टिहरी ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं को घर—घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल शुरू की है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्याम विजय ने बताया कि जिले के तीन विकासखंडों में मोबाइल हेल्थ वाहन का संचालन किया जाएगा, जिससे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

इन सचल चिकित्सा वाहनों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके गांव और घर के पास ही प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मोबाइल हेल्थ वाहन में सामान्य रोगों की जांच, रक्त चाप और मधुमेह समेत अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था रहेगी। जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही दवाइयां दी जाएंगी और गंभीर मरीजों को आवश्यकता पड़ने पर उच्च स्वास्थ्य केंद्रों के लिए रेफर किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ये मोबाइल हेल्थ वैन भिलंगना, थौलधार और देवप्रयाग विकासखंडों में संचालित की जाएंगी।

**होली की शुभकामना**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि होली रंग और उल्लास के त्योहार के साथ ही हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक समरसता तथा एकता की भावना को भी सुदृढ़ बनाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति का यह महत्वपूर्ण पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का भी संदेश देता है। होली के अवसर पर होने वाले विभिन्न आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के भी सशक्त माध्यम बनते हैं। इस बीच मुख्यमंत्री आवास में आज होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

## केंद्रीय कृषि मंत्री का दौरा

प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर प्रदेश में घेरबाड़ योजना के लिए 90 करोड़ रुपए की धनराशि शीघ्र अवमुक्त कराने का अनुरोध किया है। श्री जोशी ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री ने पहली किश्त के रूप में 25 करोड़ रुपये शीघ्र उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। पिछले माह गौचर में आयोजित किसान संवाद कार्यक्रम में प्रदेश के लिए घेरबाड़ योजना अंतर्गत 90 करोड़ रुपये की धनराशि की घोषणा की गई थी।

इससे पूर्व उत्तराखंड दौरे पर आए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मसूरी में प्रेसवार्ता कर कृषि में क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। श्री चौहान ने कहा कि इस साल रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन हुआ है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश को बागवानी के क्षेत्र में आगे बढ़ाकर इसे हार्टिकल्चर हब बनाया जाएगा।

## लोक भवन वसंतोत्सव का समापन

लोक भवन देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय वसंतोत्सव का कल रंगारंग समापन हो गया। वसंतोत्सव के इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों के सौंदर्य और अन्य कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। वसंतोत्सव–2026 में इस वर्ष की चल वैजंती यानि रनिंग ट्राफी आईआईटी रुड़की को मिली है।

इस वर्ष आईआईटी रुड़की ने 13 श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि 04 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त कर ओएनजीसी को दूसरे स्थान पर रहा। वसंतोत्सव में 15 श्रेणियों की 54 उप श्रेणियों में 161 पुरस्कार वितरित किये गये।

## जैविक रंग

रुद्रप्रयाग ज़िले की केदारघाटी में इस बार होली का पर्व प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया जा रहा है। क्षेत्र की महिलाओं ने बुरांश, फ्यूंली, हल्दी, कचनार, पालक, सरसों और मक्की सहित विभिन्न फूलों और पत्तों से 300 किलो जैविक रंग तैयार किए हैं। उखीमठ ब्लॉक मुख्यालय में विधायक आशा नौटियाल सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इन्हीं प्राकृतिक रंगों से होली का शुभारंभ किया।

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और हिमोत्थान सोसायटी के तहत गठित आठ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी विभिन्न गांवों की सैकड़ों महिलाएं स्थानीय उत्पादों से आजीविका मजबूत कर रही हैं। इस बार उन्होंने जैविक अबीर–गुलाल के साथ पीला, हरा, लाल, बैंगनी और मेहंदी रंग तैयार किए हैं। रंगों की कीमत 100 रुपये प्रति किलो तय की गई है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि रंग तैयार करने में अरारोट और मक्के के आटे का उपयोग किया गया है। लाल रंग के लिए चुकंदर और बुरांश, पीले के लिए हल्दी और फ्यूंली, हरे के लिए पालक और पुदीना का इस्तेमाल किया गया है। विभिन्न प्राकृतिक उत्पादों के मिश्रण से नारंगी और बैंगनी रंग भी बनाए गए हैं। लोगों को इन जैविक रंगों की खरीद के लिए जागरूक किया जा रहा है।**

**विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ होली के लिए जैविक रंग तैयार किए हैं। इससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है और महिलाओं की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो रही है।**

**आकाशवाणी देहरादून के लिये समाचार कक्ष से ....संजीव कंडवाल..**

## गिरफ्तारी

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में फर्जी प्रवेशपत्र के जरिए नकल कराने के मामले का खुलासा हुआ है। रानीपुर क्षेत्र में पुलिस ने एक प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि उसने ट्यूशन पढ़ने वाली छात्रा के परिजनों से पैसे लेकर उसे पास कराने का झांसा दिया और उसके स्थान पर दूसरी छात्रा से परीक्षा दिलवाने की साजिश रची।

पुलिस अधीक्षक नगर अभय कुमार ने बताया कि आरोपी ने फर्जी प्रवेशपत्र तैयार कर परीक्षा व्यवस्था को धोखा देने का प्रयास किया। पुलिस अधीक्षक नगर अभय कुमार ने कहा कि परीक्षा की शुचिता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।